कार्यक्रम ▶ इंटरसिटी ट्रेन स्टॉपेज की ऐतिहासिक सौगात

# शिक्षा, व्यापार और विकास को देगा नई रफ्तार : सांसद



**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव की बहुप्रतीक्षित मांग मंगलवार को पूरी होते ही पूरा क्षेत्र जश्न में डूब गया। वर्षों से प्रतीक्षित इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्टेशन परिसर से लेकर आसपास के गांवों तक जनसैलाब उमड़ पड़ा। जयघोष, पुष्पवर्षा और आतिशबाज़ी के बीच सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर इंटरसिटी ट्रेन को रवाना किया।

यह ठहराव क्षेत्र के शिक्षा, व्यापार और समग्र विकास को नई गति देगा। रेल मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं होशंगाबादङ्कनरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन से मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ इंटरसिटी ट्रेन से यात्रा प्रारंभ की। इस ऐतिहासिक यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल हुए। करेली स्टेशन पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की। जैसे ही ट्रेन बोहानी स्टेशन पर पहुंची, नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों, रंगीन आतिशबाज़ी और नारों के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया। सांसद चौधरी ने कहा कि यह स्टॉपेज किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब साकार हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाला साबित होगा। इसके पश्चात मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया तथा सिहोरा हाट बाजार का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्राओं द्वारा किए गए स्वागत ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। सांसद ने कहा कि युवा शक्ति और बेटियों की भागीदारी ही नए भारत की पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी उपस्थित रहे।

### आवागमन को आसान बनाएगा

बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी एवं नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर रेलवे के एडीआरएम आनंद कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष श रामस्नेही पाठक, पूर्व विधायक भैया राम पटेल, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, राहुल मामार, रमाकांत शर्मा, राव वीरेन्द्र सिंह, सुदर्शन सिंह पेठिया, जसवंत नगपुरिया, चन्द्र कुमार सुरैया, निरंजन सिंह, सुशील जैन, चौ. अजीत सिंह, अखिलेश शर्मा, विवेक पाठक, अरविंद पेठिया, हरीश (रिंकू) पेठिया, प्रभात नगपुरिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन का यह ठहराव न केवल क्षेत्र के आवागमन को आसान बनाएगा, बल्कि शिक्षा, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 9 जनशिक्षा केंद्रों में शामिल होंगे 5421 छात्र- छात्राएं

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** कल 20 फरवरी से कक्षा आठवी एवं पांचवी की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होंगी जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रश्न पत्रों का भी वितरण कर दिया गया है। विकासखंड के 9 जनशिक्षा केंद्रों पर संचालित होने जा रही है। जिसमें लगभग 5421 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं हेतु 9 जन शिक्षा केंद्रों पर 34 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से 4-30 तक कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा संचालित कराई जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी जनशिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी छात्र छात्राएं पूर्ण रूप से परीक्षा में सहभागी बने इस हेतु जन शिक्षकों के साथ साथ सभी प्रधान पाठकों और शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया है। वहीं परीक्षा में शामिल होने वाले दिव्यांग छात्राओं के लिए एक एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। विशेष दिव्यांग बच्चों को गृह आधारित मूल्यांकन अर्थात घर पर ही प्रश्न पत्रों को हल करने की सुविधा शासन द्वारा प्रदान की गई है।

# जांच के दौरान 9 वाहनों में कमी पाये जाने पर जुर्माने की हुई कार्यवाही




**नवभारत,गाडरवारा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी में संचालित प्लाईऐश परिवहन में लगने वाहनों की जांच की गई।

जांच के दौरान 9 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर रवि बरेलिया ने बताया कि मंगलवार को चीचली- गाडरवारा रोड एवं गाडरवारा- तेंदूखेड़ा रोड पर एनटीपीसी में संचालित फ्लाईऐश के परिवहन में लगे लगभग 35 वाहनों की जाचं की गई। इन वाहनों में मुख्य रूप से असुरक्षित परिवहन, ओवरस्पीडिंग, परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं मोटर वाहन अधिनियम की अन्य धाराओं में की जांच की गई। जांच के दौरान 35 वाहनों में से 9 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही कर 62 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यह कार्यवाही जिला परिवहन अधिकारी बरेलिया के नेतृत्व में जिला परिवहन विभाग के सुदामा जाट, प्रभात अवस्थी, देवेन्द्र मेहरा के द्वारा की गई।

# लाठगांव में गूंजी शिव महापुराण की महिमा

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के समीपवर्ती ग्राम लाठगांव में मंगलवार से संगीतमय शिव महापुराण कथा का मंगलमय शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पंडित नवीन बिहारी जी (सावरे सरकार) के आगमन पर समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कथा स्थल तक पहुंचने के पूर्व गोटेगांव नगर और सूरवारी चौराहा पर श्रद्धालुओं ने महाराज श्री का भव्य अभिनंदन किया। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजपूत और हेमेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई विशाल वाहन रैली में लगभग 100 चार पहिया वाहन शामिल रहे, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। 17 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में स्वामी नवीन बिहारी जी अपने मुखारविंद से शिव महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे। मुख्य यजमान सुदामा प्रसाद एवं रेखा साहू ने बताया कि ग्राम में धर्म की गंगा प्रवाहित हो रही है और उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रहलाद सिंह पटेल, सरपंच निलेश तिवारी, विक्रम सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच शिवप्रसाद श्रीपाल, बाबूलाल साहू, दिनेश साहू, पप्पू साहू और दशरथ साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर कथा व्यास का स्वागत किया।



# तिरका गांव की मुख्य सड़क पर जमा गंदा पानी, दे रहा बड़ी बीमारियों को न्यौता

**नवभारत,गोटेगांव।** एक ओर जहां सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे और अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गोटेगांव जनपद की ग्राम पंचायत राजा कछार के तिरका गांव में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गांव की मुख्य सड़क पर प्रहलाद पटेल के मकान के सामने 24 घंटे गंदा पानी जमा रहता है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन की अनदेखी के चलते यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है और बड़ी बीमारियों को खुला निमंत्रण मिल रहा है। ग्राम वासियों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है।


# 29 लाख से अधिक के सड़क-नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत,करेली।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा शहर के समग्र विकास और सौंदर्यकरण की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाया गया है। करीब 29 लाख रुपए से अधिक की लागत से विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर विकास की नई शुरुआत की गई। इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। निरंजन वार्ड में नागेश्वर मंदिर से जैन मंदिर वाली रोड तक 8 लाख 25 हजार रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य हरिओम तिवारी द्वारा संपादित किया जाएगा। लंबे समय से यहां



जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए यह कार्य महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं सुभाष वार्ड में मझोल भाईजान से छोटी बाई चौधरी के मकान तक 13 लाख 65 हजार 993 रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उक्त कार्य आर्या कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सुभाष वार्ड की श्रीधाम कॉलोनी में राम सिंह राजपूत के मकान से संजोग रावत के मकान तक 7 लाख 33 हजार रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है, जिसका निर्माण कार्य महाराज कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा। इस निर्माण से बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम रीवा वाले पंडित जी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार, पार्षद ज्योति जैन, पार्षद प्रिया भसीन, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते सहित वरिष्ठजन, नागरिकगण, नगरपालिका के सीएमओ, उपयंत्री एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सेवा समिति द्वारा भव्य महाआरती कर लड्डुओं का प्रसाद किया वितरण

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं. ओमप्रकाश मुखरईया के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के पं सोहन तिवारी आनंद अग्रवाल बंटी भैया दीपक सेन रंजीत पटवा द्वारा पूजन अर्चन किया गया और श्री संकट मोचनजी को लड्डूओं का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

### एक नजर में

## अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन की मौत

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** बुधवार को सुबह सुबह जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर ग्राम पडरिया के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा हिरन की मौत हो गई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह सुबह जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क मार्ग पार करते समय हिरन को टक्कर मार दी थी जिसे गंभीर चोटें आई थीं। मौके से गुजर रहे राहगीर ने वन विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों द्वारा तत्काल इलाज के लिए ले जाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।वन विभाग के नियमानुसार पी एम के उपरांत उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है मोहन सरकार का यह बजट

**नवभारत,नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने प्रस्तुत हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है। वह प्रदेश के सर्वहारा वर्ग के विकास को समर्पित है। यह विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विकसित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का बजट है। आज प्रस्तुत बजट 438317 लाख करोड़ का है। जो अब तक प्रस्तुत बजट में सबसे बड़ा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की चार जाति गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी को से रेखांकित किया है। मोहन यादव जी ने इसे आगे बड़ाते हुए इसमें इंडस्ट्री और इन्फ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर की संज्ञा दी है। बजट में जहां एक ओर अधोसंरचना के विकास के साथ साथ रोजगार के सृजन के लिए इडस्ट्रीयों को आकर्षित करने हेतु बजट में घोषणाएं की गई है। साथ ही नगरीय निकायों के आधारभूत विकास हेतु 5000 करोड़ की द्वारका योजना लाई गई है। जिससे शहरों का विकास हो सकेगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इस हेतु किसानों की आय एवं उपज में वृद्धि हेतु बजट में विशेष प्रबंध किए गए है। साथ ही लाड़ली बहनाओं के लिए बजट में 24000 करोड़ का प्रबंध किया गया है। जो 2003 के कांग्रेस के साल भर के बजट से भी बड़ा है। उन्होने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बजट में प्रदेश की जनता पर किसी भी प्रकार का नया कर न लगाकर मध्यम व गरीब वर्ग को राहत प्रदान की गई है। बच्चों के शारीरिक विकास हेतु अब स्कूलों में मुफ्त दूध उपलब्ध कराया जायेगा साथ 15000 शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। उक्ताश की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

## उधारी का पैसा मांगने पर कर दी पिटाई

**नवभारत,गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने अपने गांव के राजेश वर्मा को एक दिन के लिये 12 सौ रूपया उधार दिये गये थें। जब वह बाजार में मिला तो वह प्रार्थी द्वारा वह उधारी के पैसा राजेश से मांगे जाने पर वह गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## मुस्लिम समाज द्वारा उमराह यात्रा

**नवभारत,गाडरवारा।** रेलवे स्टेशन उस समय गुंजायमान हो गया था जब अल मदीना चल मदीना आज नही कल मदीना के नारे गूंज रहे थे जब सोमवार को गरीब रथ एक्सप्रेस से जगदीश वार्ड निवासी सत्तार खान के पिता जरदार खान व उनकी मां मुमताज बी रमजान के पावन महीने में मक्का मदीने की उमराह करने के लिए मक्का मदीना रवाना हो रहे थे। मुस्लिम समाज द्वारा उमराह यात्रा पर जाने वालों को खुशनुमा अंदाज में जुलूस की शक्ल में स्टेशन लाया गया। जगह जगह फूल माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।हाफिज जुबेर आलम की विशेष उपस्थिति में सरकार मोहम्मद मुस्तफा की शान में नात पढ़कर सलाम पेश किया गया वतन की तरक्की खुशहाली की दुआए की गई ।उमराह यात्रियों का सभी ने गर्म जोशी के साथ स्वागत करते हुए कहा कि मदीने वाले से मेरा सलाम कहना ।उमराह पर जाने वाले पूरे उमराह के दौरान इहराम की जियारत कर ओर अरकान करेंगे व ईद के बाद वापस आयेगे ।




## मानसिक स्वस्थता एवं कल्याण पर कार्यशाला

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में एक कार्यशाला शासकीय महाविद्यालय में आयोजित की गई इस अवसर पर महाविद्याल के प्राचार्य डॉ. आर.के.झा के द्वारा छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वाथ्य एवं छात्र कल्याण हेतु विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं है।

बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और भविष्य का निर्माण करती है। लेकिन जब छात्र मानसिक रूप से तनावग्रस्त चिंतित या दबाव में होते हैं। तो वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाते। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि एक स्वस्थ मन ही स्वस्थ जीवन की नींव होता है। आज के समय में छात्रों पर पढ़ाई का दबाव भविष्य की चिंता प्रतियोगिता और सामाजिक अपेक्षाएँ लगातार बढ़ रही हैं। इसके कारण कई छात्र तनाव अवसाद और आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं। यह स्थिति न केवल उनकी शिक्षा को प्रभावित करती है बल्कि उनके व्यक्तिगत जीवन और सपनों को भी कमजोर कर देती है। छात्र कल्याण के लिए आवश्यक है कि हम एक सकारात्मक और सहयोगी वातावरण बनाएं। जहाँ छात्र खुलकर अपनी बात कह सकें।

# मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा में शामिल हो रहे हजारों श्रद्धालु

**नवभारत,गाडरवारा।** नमामि देवी नर्मदे मां नर्मदे हर के जयकारे लगाते हुए ग्राम काटजूनगर ग्राम पंचायत पलोहा जलाराम आश्रम माँ नर्मदा के किनारे से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर श्री सुरेन्द्र दास जी महाराज ( इंडियावाड़ा ) जि. नर्मदा, गुजरात की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा चल रही है जिसमे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं ।




नर्मदा परिक्रमा 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा से पलोहा ग्राम पंचायत के जलाराम आश्रम काटजू नगर नर्मदा घाट से प्रारंभ हुई है जो नयाखेड़ा, टिमरावन, हीरापुर, भटेरा, टिमरावन होती हुई काटजूनगर घाट में 3 मार्च 2026 मंगलवार पूर्णिमा तक पूर्ण होगी । महामंडलेश्वर श्री सुरेन्द्र दास जी महाराज ( इंडियावाड़ा ) के साथ अनेको संत व सूरज कुंड वाली माता जी भी नर्मदा परिक्रमा कर रही हैं ।महाराज जी कहते है कि मां नर्मदा की पूजा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है मां नर्मदा के तटों पर लोग पूजा अर्चना कर अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जाते हैं ।मां नर्मदा की महिमा और उत्तर वाहिनी परिक्रमा का अलग ही महत्व है ।मां नर्मदा का भक्तों पर भरपूर आशीर्वाद रहता है मां नर्मदा का स्मरण करने से ही मन को शांति मिल जाती है । उत्तर वाहिनी परिक्रमा के प्रारंभ से मां नर्मदा के भक्तों में काफी उत्साह नजर आ रहा है प्रतिदिन मां नर्मदा के परिक्रमा में श्रद्धालु शामिल होकर मां नर्मदा के जयकारे लगाकर भजन गाते हुए चल रहे है श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा के घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है संतो का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्तों के लिए बाल भोग एवं भोजन प्रसादी की दोपहर में भटेरा के पंचकुटी आश्रम में सरपंच राजू लोधी एवं उनके सहयोगियों द्वारा रखी गई है । प्रतिदिन दोपहर 2 बजे मां नर्मदा के भटेरा घाट पर संगीत के साथ मां नर्मदा की महा आरती हो रही है। शाम को जलाराम आश्रम काटजू नगर में प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है।

# बजट : सत्ता पक्ष ने बजट को प्रदेश को गति देने वाला और विपक्ष ने केवल आंकड़ों का मायाजाल बताया

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। सरकार ने इस बजट को ज्ञानी मॉडल पर आधारित बताते हुए प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को 2 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का रोडमैप तैयार किया है।

तेंदूखेड़ा जैसे कृषि प्रधान क्षेत्रों के लिए इस बजट में किसान कल्याण वर्ष और मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना जैसे बड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार ने पिछले साल के ज्ञान गरीब युवा अन्नदाता नारी मंत्र में दो नए आई जोड़े हैं जिनमें इंडस्ट्रिय लाइजेशन औद्योगिकी करण और इंफ्रास्ट्रक्चर अधोसंरचना किसानों के लिए वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 88910 करोड़ रुपये का प्रावधान है। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना के लिए 23,882 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जबकि नारी कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 1.27लाख करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। मध्य प्रदेश रोलिंग बजटआगामी 3 वर्षों का अनुमान पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। बजट में ग्रामीण अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है। जिले की उन छोटी बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के तहत करोड़ों के कार्य प्रस्तावित हैं। साथ ही सिंचाई परि योजनाओं के लिए 14742 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जिससे क्षेत्र के किसानों को बेहतर जल प्रबंधन की उम्मीद है। एक ओर जहां सत्ता पक्ष इस बजट को स्वर्णिम मध्य प्रदेश की आधारशिला बता रहा है। वहीं विपक्ष और स्थानीय नेता इसे कर्ज आधारित और चुनावी चुनावी घोषणाओं का पुलिंदा करार दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि बजट के ये बड़े प्रावधान तेंदूखेड़ा के खेतों और गलियों तक कितनी जल्दी और किस रूप में पहुँचते हैं।

### मप्र को गति देने



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को गति देने वाला बजट प्रस्तुत किया है। निश्चित तौर पर किसानों की बेहतरी सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ावा देने युवा बेरोजगारों के कल्याण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सहित उन सभी विन्दुओं को प्राथमिकता में रखा है जिससे संपूर्ण प्रदेश को गति मिलेगी।

### केवल आंकड़ों का मायाजाल



तेंदूखेड़ा क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय शर्मा ने यह बजट केवल शब्दों की बाजीगरी और आंकड़ों का मायाजाल बताया है। सरकार ने किसान कल्याण वर्ष घोषित तो कर दिया लेकिन धरातल पर अन्नदाता आज भी खाद और उपज के सही दाम के लिए संघर्ष कर रहा है। रोलिंग बजट जैसे भारी-भरकम शब्द केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए हैं। वास्तविकता यह है कि प्रदेश कर्ज के दलदल में धंसता जा रहा है और बजट का एक बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने और पुरानी योजनाओं की।

# खेत से पीतल के नोजल, खाद और उड़द की चोरी, आरोपी पर 65 हजार हड़पने का भी आरोप

**नवभारत,गोटेगांव।** समीपवर्ती थाना ठेमी क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में एक किसान के खेत से कृषि सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र सिंह राजपूत (60 वर्ष) निवासी ग्राम जमुनिया ने आवेदन में बताया कि उनकी कृषि भूमि मौजा ग्राम जमुनिया में स्थित है। उनके खेत में बनी टपरिया में ग्राम देवनगर निवासी मोहन चौधरी अपनी पत्नी राधाबाई और तीन बच्चों के साथ रहकर कृषि मजदूरी करता था। टपरिया में आरोपी के रहने के साथ-साथ कृषि उपयोगी सामग्री भी रखी जाती थी। आवेदन के अनुसार 13 फरवरी 2026 की रात आरोपी कथित रूप से अपनी पत्नी-बच्चों को लेकर टपरिया से फरार हो गया। आरोप है कि वह टपरिया में रखा कृषि सामान — पीतल के नोजलों की 20 चिड़ि़या, 5 बोरी डीएपी खाद, 4 बोरी यूरिया



और 4 क्विंटल उड़द — चोरी कर ले गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उसने गन्ना रोपाई के मजदूरों के भुगतान हेतु आरोपी को 20,000 रुपये दिए थे, जिनका भुगतान मजदूरों को नहीं किया गया और राशि भी लेकर आरोपी फरार हो गया। इसके अतिरिक्त आरोपी ने पूर्व में बच्चों की पढ़ाई और पारिवारिक विवाह के लिए 45,000 रुपये उधार लिए थे, जिन्हें लौटाने का वादा किया था, परंतु अब तक भुगतान नहीं किया।